सत्यमेव जयते

UPPSC

Uttar Pradesh Public Service Commission

# Download UPPSC/UPPCS Mains 2019 Optional Exam Question Paper

## "Philosophy (Paper-1)"

**"Held on 26-09-2020"**

al No.

# GLPC – 12/19-Paper-I

## दर्शनशास्त्र (प्रश्न–पत्र – I)

## PHILOSOPHY (Paper – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

विशेष अनुदेश :
(i) दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं, जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
(ii) प्रत्येक खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के **अन्त** में निर्धारित अंक अंकित हैं।
(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

**Specific Instructions :**
(i) There are total **eight** questions in **two** Sections, printed in both Hindi and English.
(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** from **each** Section.
(iii) Marks are given against **each** of the question.
(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

1. (a) क्या प्लेटो का विज्ञानों का सिद्धांत उनके तत्त्वमीमांसीय एवं ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्तों का मूल आधार है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए। 15
Is Plato's theory of ideas the fundamental basis of his metaphysical and epistemological theories ? Provide arguments in favour of your answer.

(b) अरस्तू के 'कारणता सिद्धान्त' पर एक टिप्पणी लिखिए। 15
Write a note on the 'theory of causation' of Aristotle.

(c) क्या देकार्त की दार्शनिक पद्धति दर्शन की समस्याओं का समुचित समाधान प्रस्तुत करती है ? 10
Does the philosophical method of Descartes provide appropriate solution for philosophical problems ?

2. (a) देकार्त के मन-शरीर द्वैतवाद की व्याख्या कीजिए । क्या स्पिनोज़ा इस समस्या का संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करते हैं ?
Explain the mind-body dualism of Descartes. Does Spinoza present a satisfactory answer to this problem ? 15

(b) स्पिनोज़ा के 'सर्वेश्वरवाद' का मूल्यांकन कीजिए।
Evaluate Spinoza's 'Pantheism'. 15

(c) लाइबनित्ज़ के 'चिदणुवाद' की मूल विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।
Explain the basic features of Leibnitz's monadology. 10

3. (a) लॉक के ज्ञान-सिद्धांत की व्याख्या एवं परीक्षण कीजिए।
Explain and examine Locke's theory of knowledge. 15

(b) 'ह्यूम ने मुझे हठवादी निद्रा से जगाया है' । काण्ट के इस कथन पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए । 15
'Hume has awakened me from my dogmatic slumber'. Write a critical note on this statement of Kant.

(c) कांट के इस मत की व्याख्या कीजिए कि दिक् तथा काल प्रागनुभविक संवेदन हैं । 10
Explain Kant's view that space and time are a priori intuitions.

4. (a) विट्गेन्स्टाइन के दर्शन में वर्णित अर्थ के चित्र-सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए । 15
Throw light on the picture theory of meaning as described in the philosophy of Wittgenstein.

(b) कीर्केगार्ड एवं सार्ट्र के दर्शन में 'स्वतंत्रता एवं चयन' की अवधारणा की तुलना कीजिए। 15
Compare the concepts of 'Freedom and Choice' in the philosophies of Kierkegaard and Sartre.

(c) हुसर्ल के संवृतिशास्त्रीय पद्धति की व्याख्या कीजिए । 10
Explain Husserl's phenomenological method.

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) "प्रत्यक्ष ही एकमात्र अधिकारिक प्रमाण है" । चार्वाक के इस मत की व्याख्या एवं मूल्यांकन कीजिए । 15
"Perception is the only authentic source of knowledge". Explain and evaluate this view of the Charvaka.

(b) क्या जैन दर्शन के 'स्यादवाद एवं सप्तभंगीनय' सिद्धांत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए । 15

Are the Jaina theories of 'Syadvada and Saptabhanginaya' the two sides of the same coin ? Provide arguments in favour of your answer.

(c) बौद्ध दर्शन के 'नैरात्म्यवाद' की व्याख्या कीजिए । 10

Explain the theory of 'Nairatmyavada' of the Buddhist philosophy.

6. (a) पुरुष–अस्तित्व सिद्धि हेतु सांख्य दर्शन द्वारा प्रदत्त तर्कों की व्याख्या कीजिए । 15

Explain the arguments for proving the existence of 'Purush' as provided by the Samkhya philosophy.

(b) योग दर्शन में वर्णित 'अष्टांग–योग' के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्त्व पर प्रकाश डालिए । 15

Throw light upon the spiritual and practical importance of 'Ashtang-yoga' as described in the yoga philosophy.

(c) सांख्य दर्शन के अनुसार 'कैवल्य' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए । 10

Explain the concept of 'Kaivalya' according to the Samkhya philosophy.

7. (a) न्याय दर्शन के अनुसार 'अनुमान' प्रमाण को परिभाषित कीजिए। अनुमान के प्रकारों को उदाहरण सहित बताइये। 15

Define inference according to the Nyaya philosophy. State the types of inference with examples.

(b) वैशेषिक दर्शन का 'परमाणुवाद' क्या आधुनिक भौतिकवाद की पृष्टभूमि है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए । 15

Is the 'Atomism' of Vaisesika philosophy the foundation of modern materialism ? Provide arguments in favour of your answer.

(c) न्याय दर्शन के अनुसार ईश्वर के स्वरूप एवं कार्य की व्याख्या कीजिए । 10

Explain the nature and function of God, according to the Nyaya philosophy.

8. (a) मीमांसा दर्शन में 'प्रमा' एवं 'प्रमाण' पर एक टिप्पणी लिखिए । 15

Write a note on 'Prama' and 'Pramana' in the mimansa philosophy.

(b) शंकराचार्य के अनुसार 'ब्रह्म' एवं 'आत्मा' के स्वरूप एवं सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए । 15

Elaborate upon the nature and relation between 'Brahman' and 'Aatman' according to Shankaracharya.

(c) शंकराचार्य एवं रामानुज के मोक्ष सम्बन्धी विचारों की तुलना कीजिए। 10

Compare the views of Shankaracharya and Ramanuja regarding 'Moksha'.

---